GREEN LAWNS HIGH SCHOOL

FINAL EXAMINATION – 2020- 2021

SUBJECT : HINDI CLASS : VIII

TIME : 1.30 HRS MARKS : 40

सूचना : सभी प्रश्नों के उत्तर composheet पर लिखकर pdf बनाकर अपलोड कीजिए ।

(विभाग - अ)

प्र ० १) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । (10)

i) समय किसी की प्रतीक्षा नहीं करता

ii) आज के विद्यार्थी के सामने चुनौतियाँ

iii) मीडिया की समाजिक जिम्मेदारी

प्र ० २)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए ।

i) निम्नलिखित शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । (2)

क) मुक्ति

ख) रावण

ii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । (2)

क) योगी ख) चल

ग) शकुन घ) निरर्थक

iii) निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए । (1)

क) पीसना

ख) शीघ्र

iv) निम्नलिखित शब्दों के विशेषण शब्द लिखिए । (1)

क) मूल

ख) अनुवाद

v) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए । (1
)

क) हथियार डालना

ख) गुड गोबर करना

vi) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए । (3)

क) ईश्वर पर श्रद्धा करें ।

(वाक्य शुद्ध कीजिए)

ख) उस लड़की ने आज एक पुस्तक पढ़ी ।

(वाक्य को बहुवचन में बदलिए)

ग) राजा विद्वान था ।

(लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए)

(विभाग - ब)

प्र ०३) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (8)

" धिक्कार है तुम्हें ! नकली बूंदी भी हमें प्राणों से अधिक प्रिय है । जिस जगह एक भी हाड़ा है वहाँ बूंदी का अपमान आसानी से नहीं किया जा सकता । "

i) वक्ता कौन है ? उसने यह वाक्य किससे और क्यों कहे ?

ii) वक्ता किसे और क्यों धिक्कार रहे हैं ?

iii) उपर्युक्त कथन के आधार पर वक्ता का चरित्र चित्रण कीजिए ।

iv) नकली बूंदी के प्रति वक्ता के क्या विचार हैं ? समझाकर लिखिए ।

प्र० ४) निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िये और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (8)

" कर दिया मधु और सौरभ दान सारा एक दिन
किन्तु रोता कौन है , तेरे लिए दानी सुमन ।
मत व्यथित हो फूल किसको सुख दिया संसार ने
स्वार्थमय सबको बनाया है यहाँ करतार ने ।

i) कवयित्री ने सुमन को ' दानी ' क्यों कहा है ?

ii) मनुष्य तथा पुष्प के स्वभाव में क्या अंतर है ?

iii) यह कविता हमें क्या संदेश देती है ?

iv) शब्दार्थ लिखिए -

मधु , सौरभ , व्यथित , करतार

प्र ० ५) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (4)

i) द्रोणाचार्य और द्रुपद की शत्रुता क्यों हुई ? समझाकर लिखिए ।

ii) द्रोणाचार्य ने अपना बदला किस प्रकार लिया ?